श्री राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश): मैडम, मेरा एक पाइंट आफ आर्डर है।

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: After walking out there is no point of order. ...(*Interruptions*)...

श्री राजनाथ सिंह: नहीं, यह दूसरा सब्जेक्ट है। मैडम, मैंने आपसे अनुमति चाही है। ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप बैठ जाइए। मिनिस्टर साहब बोल रहे है।...(व्यवधान)...बैठिए आप लोग बैठिए।

श्री राजनाथ सिंह: मैडम, मैंने पाइंट आफ आर्डर रेज करने की अनुमति चाही है। मैडम, ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): शांत होकर बैठिए। चेयर की अनुमति बिना रिकार्ड में नहीं जाएगा। ...(व्यवधान)...

श्री राजनाथ सिंह: मैडम, मैं भी वाक-आऊट करता हूं फिर से।

(माननीय सदस्य सदन से बाहर चले गए।)

SHRI P. CHIDAMBARAM: I hope that this shall be the last year for the Government of India to present the Budget for Uttar Pradesh and I also hope that the 1997-98 Budget would be presented in the State Legislature.

I hope the 1997-98 Budget would be presented in the State Legislature. The revenues of 1996-97 were estimated to be Rs. 15978.06 crores. There is an apparent reduction in the State tax and non-tax revenues. I say that it is apparent because the real reasons are few. Firstly, it is discontinuance of lotteries in the State. Secondly, the Central Government's decision to release grants for JRY directly to the district rural development agencies. As against this, revenue expenditure was Rs. 20,635.67 crores. There is a gap of about Rs. 4,500 crores on the revenue account. On the capital account the receipts are placed at Rs. 6,611.80 crores and the capital expenditure is Rs. 6,074.19 crores. Taking into to account the deficit in the revenue account, the surplus in the capital account, the public account and the opening surplus of Rs. 834.27 crores, the Budget for 1996-97 is expected to close with a surplus of Rs. 23.37 crores. The performance on the Plan side in the last four years has not been satisfactory. In the Annual Plan for 1996-97, it is proposed that the Plan expenditure will be Rs. 7,047.51 crores. The Central Plan expenditure will be Rs. 1,101.07 crores and the State Plan expenditure will be Rs. 5,940.64 crores. This includes an outlay of Rs. 225 crores under the Hill Areas Development Programme. Madam, I do not want to highlight a number of features of the Budget. All I wish to say is that large sums of money have been provided for rural development programmes, for creation of employment, for 5,000 new Ambedkar villages, for rural housing, for 2.40 lakh houses, for rural drinking water, for rural sanitation and assistance to destitute persons, widows, and handicapped persons. A large sum of money is being provided for Kisan pension and old-age pension schemes, for scholorships to students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes, OBCs and minorities, for opening primary schools and constructing buildings. The U.P. Electricity Board will energise 20,000 tubewells this year. For additional irrigation potential to minor irrigation, Rs. 160 crores have been provided and Rs. 1,641 have been provided for the budgeted irrigation projects. So far as Uttarakhand is concerned, a sum of Rs. 658.79 crore has been provided for implementation of schemes for Uttarakahand Madam, with these words, I commend the U.P. Budget and I request the hon. House to pass the Budget.

THE APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1996

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): We shall now take up General Appropriation Bill.

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): I beg to move:

> "That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1996-97, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

This Bill arises out of the supplementary appropriation charged on the Consolidated Fund of India and Demands voted by the Lok Sabha on December 17, 1996. These involve a gross expenditure of Rs. 3,064 crores and 70 lakhs. The gross additional requirement comprises Rs. 1,200 crores for Defence services, Rs. 650 crores for special Central assistance for Jammu and Kashmir Government for financing its Plan, Rs. 150 crores for additional expenditure on space research programmes, Rs. 1,000 crores for additional Central assistance to States for externally aided projects, Rs. 34 crores and 12 lakhs for making payment against the external assistance for wind mill projects and Rs. 30 crores and 50 lakhs for others. The details of supplementary grants are given in the document which was laid on the Table of the House on March 6, 1996. The gross expenditure is matched by savings recoveries or increased receipts to the extent of Rs. 1,064 crores and 70 lakhs. Thus the proposal will entail a cash out-go of Rs. 2,000 crores.

The Question was Proposed

श्री बंगारू लक्ष्मण (गुजरात): धन्यवाद महोदया, ऐप्रोप्रिएशन बिल जो यहां प्रस्तुत किया गया है, मैं आर्थिक स्थिति के उन मुद्दों पर नहीं बोलना चाहता हूं जहां पिछले 6 महीने से विशेषत: मोर्चा सरकार के आने के बाद जो आर्थिक दिशा में ढिलाई आयी है, इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन घट्या है, इकॉनमि स्लो डाउन हो गया है, हमारे ऐक्सपोर्ट में कमी आयी है, एजेंशियल कमोडिटीज़ के दाम बढ़ गये हैं, और कुछ फ्रंट्स पर भी हम लोग पीछे रह गये हैं, मैं उन विषयों पर नहीं जाऊंगा। उन पर शायद और लोग बोलेंगे लेकिन मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान उस ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिस विषय पर....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Mr. Laxman, will you yield for a minute? I have to make an announcement.

WELCOME TO BANGLADESH FOREIGN MINISTER

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): We have with us today His Excellency, Mr. Abdus Samad Azad, Member of Parliament and Foreign Minister of the People's Republic of Bangladesh and his delegation, who are presently sitting in the Special Box to witness the proceedings of the Rajya Sabha. We extend our hearty welcome to His Excellency and we hope that they will have a nice stay in our country.

THE APPROPRIATION (No. 4) BILL, 1996 *(Contd.)*

श्री बंगारू लक्ष्मण: मैं सदन और सरकार का ध्यान विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की जो स्थिति है, उस ओर दिलाना चाहूंगा। इसकी चर्चा इस सदन में पिछले कई वर्षों से नहीं हुई है। आपने इस बजट के अंदर वेलफेयर डिपार्टमेंट को पैसा देने की बात कही है, स्टेट-ट्रांसफर के लिए भी पैसे की बात कही है, इन्वायरनमेंट के लिए भी पैसे की बात कही है, एग्रीक्लचर के लिए भी पैसे की बात कही है। इसलिए मैं केवल एक ही मुद्दे पर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि दुर्भाग्य से जब से मैं इस सदन के अन्दर आया हूं तब से मैंने कई विषयों पर चर्चाएं तो सुनी हैं मजदूरों के बारे में विशेषतया आर्गेनाइज्ड सेक्टर में रहने वाले मजदूरों या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले मजदूरों के बारे में चर्चा की है लेकिन जो समाज का जो 25 परसेंट हिस्सा है, जिनकी आबादी एक चौथाई है, उन एक चौथाई वाली आबादी के लोगों की समस्यों की चर्चा इस सदन में करने का मौका नहीं मिला है। मैंने यहां के वरिष्ठ सांसदों से भी जानकारी हासिल करने की कोशिश की तो मुझे पता चला कि पिछले तीन सालों से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की समस्याओं पर इस सदन में चर्चा नहीं हो पाई है। इसलिए मैंने एक बार शॉर्ट ड्यूरेशन डिसकशन के लिए मोशन भी दिया था किन्तु अन्य विषयों के कारण वह नहीं हो पाया।

महोदया, हम सब लोग यह जानते हैं कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को संविधान के अंदर धारा-16, धारा-17, 330 से 335 तक और अन्य धाराओं के अन्दर अनेक प्रकार की सुरक्षाएं, गारन्टीज प्रदान की गई है। अभी कुछ दिनों पहले हमने अपने संविधान की 50वीं सालगिरह की स्वर्ण जयन्ती मनाई है। पचास सालों से इस संविधान के एक्सपेरिमेंट के बाद क्या स्थिति बनी है इस पर हमें ध्यान देने की बहुत आवश्यकता है।

जैसा कि आपको मालूम है कि कई शताब्दियों पहले इस समाज के अंदर जो कुरीतियां आई हैं उनके कारण ये लोग समाज से अलग हुए, जनसाधारण से इनको अलग रखा गया। इनके साथ अनेक प्रकार के भेदभाव बरते गये,